ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 27-08-2024

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2024-08-27 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2024-08-28	2024-08-29	2024-08-30	2024-08-31	2024-09-01
वर्षा (मिमी)	14.0	8.0	16.0	1.3	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	31.0	33.0	33.0	34.0	35.0
न्यूनतम तापमान(से.)	25.0	25.0	25.0	25.0	26.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	74	77	74	68	59
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	50	49	43	35	37
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	19	16	17	15	11
पवन दिशा (डिग्री)	137	157	195	228	255
क्लाउड कवर (ओक्टा)	5	5	4	3	3

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी दिनों में बादल छाए रहने के साथ हल्की से मध्यम वर्षा की सम्भावना है।

सामान्य सलाहकार:

बाजरा की फसल को अरगट रोग से बचाने के लिए जाइनेब ढाई किलो या मैन्कोजेब दो किलो प्रति हैक्टेयर की दर से तीन-तीन दिन के अन्तर पर 2-3 बार छिडकाव करें।

लघु संदेश सलाहकार:

किसान भाई फसलों में खरपतवार नियंत्रण व पौधें की जड़ो तक वायु परिसंचरण के लिए अन्तः शस्य क्रियाऐ करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
मूँग	मूँग की फसल में ब्लिस्टर बीटल कीट के नियंत्रण के लिए प्रोफेनोफॉस 50 ई.सी. @ 1 मिली लीटर प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।
रेंड़ी	अरण्डी की 30 दिन की फसल पर वर्षा के दिन 20 किलो नत्रजन प्रति हैक्टेयर की दर से दें।
तिल	तिल की फसल में पत्ती तथा फली छेदक के प्रकोप की संभावना है अतः कीटों के प्रभावी नियंत्रण के लिए क्युनालफॉस 25 ई.सी. 1 लीटर प्रति हेक्टेयर की दर से फूल तथा फली बनने की अवस्था पर छिड़काव

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
	करें।
मूँगफली	मूंगफली की फसल में बादल छाये रहने के कारण टिक्का रोग के फैलने की सम्भावना है । इस रोग में पत्तियों पर मटियाले रंग के गहरे भूरे रंग के धब्बे पड़ जाते है । इस रोग की रोकथाम के लिये रोग के लक्षण दिखाई देते ही बाविस्टिन आधा ग्राम प्रति लीटर पानी के घोल का छिडकाव करें ।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
मिर्च	मिर्च की फसल मे रस चूसने वाले कीटों के नियंत्रण हेतु क्यूनालफॉस 25 ई.सी. एक लीटर का प्रति हैक्टेयर की दर से छिडकाव करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	इस मौसम में पशुओं में खुरपका-मुँहपका, गलघोंटू रोग होने की संभावना होती है अतः पशुओं को इन रोगों से बचाव हेतु टिके अवश्य लगवा लें।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	आने वाले दिनों में मघ्यम बारिश होने की संभावना हैं अतः खड़ी फसलों में जल निकास की उचित व्यवस्था करें।
सामान्य सलाह	वर्षा को ध्यान में रखते हुए फसलों में कीटनाशी व फफूंदनाशी का छिडकाव नहीं करें।